>

Title: Need to confer Bharat Ratna Award on Major Dhyan Chand-Laid.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): यह उत्सव का समय है, भारत के खिलाड़ियों द्वारा टोक्यो ओलंपिक में किए जा रहे ऐतिहासिक प्रदर्शन पर हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। ऐसे समय में फील्ड हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को हम सभी याद कर रहे हैं, दद्दा ध्यानचंद के कारण ही भारत ओलंपिक्स में फील्ड हॉकी में 3 बार स्वर्ण पदक जीता है, आज भी उनके द्वारा किए गए 570 गोल्स का रिकॉर्ड, एक एशियाई रिकार्ड है। मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को ही हम राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं, लंबे समय से इस देश में मेजर ध्यानचंद को खेलों में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए भारत रत्न देने की मांग उठाई जाती रही है। अतः मेरी माननीय खेल मंत्री जी और माननीय गृहमंत्री जी से मांग है कि जनभावना को देखते हुए राष्ट्रीय खेल के महान खिलाड़ी झांसी के दद्दा, मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न से सम्मानित करने का कष्ट करें।